अभिजीत बनर्जी

नोबेल विजेता अर्थशास्त्री

भुवेंद्र त्यागी

अभिजीत बनर्जी

नोबेल विजेता अर्थशास्त्री

भुवेन्द्र त्यागी

अभिजीत बनर्जी

नोबेल विजेता अर्थशास्त्री

© भुवेन्द्र त्यागी

दिसंबर, 2020

202, एच-15, प्रेस एनक्लेव, प्रतीक्षा नगर,

सायन (ईस्ट), मुंबई-400022

9869176433/9225119138

bhuvtyagi@gmail.com

Cover Photo Courtesy nobelprize.org

अनुक्रमणिका

1. कोलकाता से मैसाचुसेट्स तक	4
2. तीन संयुक्त विजेता	6
3. अभिजीत भारत के दसवें नोबेल विजेता	8
4. पति-पत्नी को पहले भी मिला नोबेल	10
5. क्या है नोबेल पुरस्कार	12
6. माता-पिता भी अर्थशास्त्री	13
7. इसलिए मिला अर्थशास्त्र का नोबेल	17
8. क्रेमर, अभिजीत और डिफ्लो का योगदान	20
9. खास कामयाबी पर खास राय	23
10. 36 साल बाद पहुंचे जेएनयू कैंपस	26
11. 50 लाख बच्चों के जीवन में भरा उजाला	27
12. अभिव्यक्ति की साफगोई	30
13. नोटबंदी, जीएसटी की आलोचना की थी	31
14. ओडिशा ने मिलाया अभिजीत से हाथ	39
15. भारतीय अर्थव्यवस्था पर राय	41
16. संदर्भ स्रोत	46

1

कोलकाता से मैसाचुसेट्स तक खुशी

14 अक्टूबर 2019 को जब अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गयी, तो कोलकाता से जेएनयू और हार्वर्ड से मैसाचुसेट्स तक खुशी की लहर दौड़ गयी। आखिर कोलकाता की गलियों में पले-बढ़े अभिजीत ने कोलकाता में आरंभिक शिक्षा पायी थी, जेएनयू में अर्थशास्त्र की बारीकियों को समझा था और हार्वर्ड से पीएचडी करने के बाद वह मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अर्थशास्त्र के फोर्ड फाउंडेशन इंटरनेशनल प्रोफेसर हैं। अर्थशास्त्री माता-पिता के बेटे अभिजीत का भी अर्थशास्त्री होना कोई संयोग नहीं था, न ही उनके लिए यह राह तय की गयी थी। उन्होंने खुद ही अर्थशास्त्री बनना चुना था, क्योंकि वह इस विषय की महारत को गरीबों और वंचितों का जीवनस्तर सुधारने के लिए इस्तेमाल करना चाहते थे। ... और उन्होंने यही किया भी। नोबेल पुरस्कार वास्तव में अर्थशास्त्र के उनके ज्ञान का सम्मान तो है ही, आम जनता के जीवन में खुशियां लाने की उनकी कोशिश को सलाम भी है।

अभिजीत बनर्जी को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दो अन्य अर्थशास्त्रियों एस्तेय डिफ्लो और माइकल क्रेमर के साथ संयुक्त रूप से दिया गया है। फ्रांसीसी मूल की एस्तेय उनकी पत्नी हैं, जबकि माइकल अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। पुरस्कार की घोषणा का समाचार भारतीय मीडिया में इस तरह छपा कि भारतीय मूल के अभिजीत बनर्जी और उनकी पत्नी सहित तीन को अर्थशास्त्र का नोबेल मिला। फ्रांसीसी मीडिया में छपा कि एस्तेय डिफ्लो और उनके पति सहित तीन को अर्थशास्त्र का नोबेल मिला। अमेरिकी मीडिया में छपा कि माइकल क्रेमर सहित तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल मिला।

अभिजीत भारतीय मूल के दसवें नोबेल विजेता हैं। अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाले वह अमर्त्य सेन के बाद दूसरे भारतीय हैं। नोबेल पुरस्कार मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए अभिजीत ने कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि इतनी जल्दी उन्हें यह सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले 20 साल से यह रिसर्च कर रहा हूं। हमने गरीबी कम करने के लिए समाधान देने का प्रयास किया है।' उन्होंने दिल्ली सरकार के स्कूलों में